## संदर्भ की शर्तें
## कनसल्टेंट–शहरी स्वास्थ्य

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (NHSRC) की स्थापना स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के तहत स्वायत्त पंजीकृत संस्था के रूप में की गई है। इस का उद्‌देश्य
सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए राज्यों को तकनीकी सहायता और क्षमता निर्माण में मदद उपलब्ध कराना है। इस केंद्र को स्वास्थ्य नीति, कार्यनीति विकास, राष्ट्रीय स्वास्थ्य नियोजन, कार्यक्रम तैयार करने और मूल्यांकन में योगदान करने का जनादेश प्राप्त है।

यदि आप स्वास्थ्य के क्षेत्र में और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं तो आपके पास भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य को दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध दल के साथ काम करने का अनूठा अवसर है। यह पद आपको राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरों पर सहायता कार्यक्रम लागू करने में सहायता के माध्यम से स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने, स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने में सुधार और सकारात्मक स्वास्थ्य परिणाम हासिल करने में सक्षम होने की प्रक्रिया में भागीदार बनने का अवसर देता है। विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े विशेषज्ञों के दल के साथ कार्य करके आप सेवा प्रदान करने की प्रणाली, सबको प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, देखभाल की गुणवत्ता, सार्वजनिक स्वास्थ्य नियोजन और स्वास्थ्य संवर्द्धन संबंधी अनेक चुनौतियों के समाधानों की खोज, अनुकूलन, सह–सृजन और प्रचार–प्रसार कर सकते हैं। यह एक तरह से स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने, जिला और उप–जिला स्तर पर कार्यान्वयन से सीखने, ज्ञान बांटने और सबके लिए स्वास्थ्य सुविधा के विजन को साकार करने में सक्षम होने का अवसर है।

इस पद के लिए विशेषरूप से ज्ञान प्रबंधन विभाग के तहत एक **कनसल्टेंट – शहरी स्वास्थ्य** की आवश्यकता है जो पूरी तरह से अनुबंध के आधार पर नियुक्त होगा।

**भूमिकाएं और उत्तरदायित्व** :

- शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए राज्यों को तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना।
- एनयूएचएम के अंतर्गत मौजूदा कार्यान्वयन सुदृढ़ताओं और अंतर के विश्लेषण में सहायता करना और चयनित कार्यान्वयन नीति को फिर से तैयार करने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और राज्यों के साथ कार्य करना।
- सात महानगरों के लिए एनयूएचएम हस्तक्षेपों की योजना बनाने और कार्यान्वयन में सहायता करना।
- राज्यों की राज्य कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (PIP) में शहरी स्वास्थ्य घटकों के बारे में तकनीकी सुझाव उपलब्ध कराना।
- राज्यों की राज्य कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (PIP) के बारे में सुझावों/टिप्पणियों को समेकित करने के लिए विभागों के साथ समन्वय करना।
- राज्यों में एनयूएचएम कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा करने में समहायता करना और आवधिक आधार पर फीडबैक उपलब्ध कराना।
- एनयूएचएम कर्मियों के लिए क्षमता निर्माण गतिविधियों में सहायता करना।
- एनयूएचएम हस्तक्षेपों के प्रभावी कार्यान्वयन में राज्यों के लिए क्षमता निर्माण रूपरेखा विकसित करने में सहायता करना।
- शहरी स्वास्थ्य संबंधी अनुसंधान और प्रलेखन में सहायता करना। स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ करने के लिए कार्यान्वयन अनुसंधान (IR-HSS) मंच के साथ समन्वय करना।
- एनयूएचएम हस्तक्षेप के कार्यान्वयन में सहायता के लिए बहु–क्षेत्रीय समामेलन संबंधी गतिविधियों की योजना बनाने और सुगम बनाने में सहायता करना।
- आवधिक आधार पर क्षेत्र निगरानी सहित पर्यवेक्षण और अनुवर्ती निगरानी गतिविधियों में सहायता करना।
- राज्यों के अंदर श्रेष्ठ परिपाटियों और हस्तक्षेपों की पहचान करना और पहचानी गई परिपाटियों के प्रलेखन और अनुकृति में सहायता करना।
- जब और जहां कहीं आवश्यकता हो, अन्य कार्यों में कार्यकारी निदेशक की सहायता करना।

**योग्यता और अनुभव** :

- मेडिकल/दंत्य/स्वास्थ्य विज्ञान में स्नातक के साथ समुदाय चिकित्सा/सार्वजनिक स्वास्थ्य /स्वास्थ्य देखभाल प्रबंधन में स्नातकोत्तर योग्यता
- योग्यता के बाद कम से कम दो वर्ष का अनुभव होना चाहिए, सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली और अनुसंधान में कार्य अनुभव अत्यधिक वांछनीय है।
- भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दों और विभिन्न हितधारकों की भूमिका की समझ।
- परियोजनाओं को नियत समय सीमा के अंदर पूरा करने के लिए कार्यालय समय के साथ और उससे अलग विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य करने की क्षमता और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के लिए राज्यों और जिलों की यात्रा करने के इच्छुक।
- **कम्प्यूटर कौशल** : एमएस वर्ड, एक्सेल, पॉवर पाइंट जैसे सामान्य रूप से प्रयुक्त किए जाने वाले पैकेज में प्रवीणता। डेस्क अनुसंधान, सामग्री की समीक्षा और अन्य संबंधित कागजात देखने के लिए इंटरनेट का उपयोग करने की क्षमता।

- अनिवार्य रूप से टीम के साथ काम करने की योग्यता तथा अच्छे बातचीत कौशल के साथ विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के दल के साथ काम करने की क्षमता का अनुभव।
- अंग्रेजी लिखने और बोलने में अच्छा संचार कौशल, प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक रिपोर्ट लिखने की क्षमता अनिवार्य है। हिंदी में कार्य करने का ज्ञान वांछनीय है।
- दिए गए कार्य को अपने आप या मामूली पर्यवेक्षण के तहत करने की क्षमता।

उच्च गुणवत्ता के प्रकाशित कार्य अथवा विशिष्ट प्रासंगिक क्षेत्र में कार्य अनुभव होने पर औपचारिक शैक्षिक योग्यता और अनुभव में छूट दी जा सकती है।

**आयु सीमा** : 40 वर्ष से अधिक नहीं

**स्थान** : नई दिल्ली के साथ राज्यों और जिलों की व्यापक यात्रा

**अनुबंध की अवधि** : आरंभ में एक वर्ष की अवधि के लिए (पहले 3 महीने परिवीक्षा की अवधि होंगे। संतोषजनक प्रदर्शन के विषयाधीन, परामर्शदाता के रूप में नियुक्ति (कनसल्टेंसी) पूरे एक वर्ष के लिए जारी रहेगी)। लिखित में एक महीने का नोटिस देकर कोई भी पक्ष कनसल्टेंसी समाप्त कर सकता है।

**कनसल्टेंसी फीस बॉन्ड** : रु. 60,000/– से रु. 1,20,000/–

**फीस का यह ऑफर योग्यता और अनुभव पर आधारित होगा**

(कनसल्टेंट कनसल्टेंसी अनुबंध में विशेष रूप से उपलब्ध को छोड़कर किसी अन्य लाभ, भुगतान, सब्सिडी, क्षतिपूर्ति या पेंशन के लिए हकदार नहीं होगा। कनसल्टेंट को कराधान से छूट नहीं होगी और प्राप्त किए गए पारिश्रमिक पर मौजूदा नियमों के अनुसार लागू किसी भी कर की प्रतिपूर्ति का हकदार नहीं होगा )

- इस साक्षात्कार में चयनित उम्मीदवारों पर अपेक्षित समान कौशलों और समुचित स्तर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र में अन्य रिक्त पदों के लिए विचार किया जा सकता है।

**आवेदन के लिए** : उम्मीदवारों से संदर्भ की शर्तों से संलग्न आवेदन फार्म डाउनलोड करने का आग्रह किया जाता है जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र की वैबसाइट पर अपलोड किए गए हैं और विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र केवल **14 अक्टूबर, 2020** तक **nhsrc.kmd@gmail.com** पर ईमेल किए जा सकते हैं। अन्य प्रारूपों में या प्रभावित करने के अभिप्राय से अन्य माध्यमों के जरिए जमा कराए गए आवेदन अस्वीकार किए जा सकते हैं। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदित पद का नाम आवेदन पत्र पर स्पष्ट रूप से लिखा जाना चाहिए अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।